॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

मुक्त चिन्तन

News Letter

उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित

मुक्त विश्वविद्यालय में दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारम्भ

पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारम्भ करते हुए मा0 कुलपति प्रो0 सत्यकाम जी

उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के केन्द्रीय पुस्तकालय में एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का भव्य शुभारम्भ दिनाँक 10.03.2026 को किया गया। पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन का समय प्रातः 11:30 बजे से सायं 05 बजे तक था। पुस्तक प्रदर्शनी में आये हुए अतिथियों का स्वागत प्रभारी पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ0 आर0 जे0 मौर्य ने पुष्प–गुच्छ से किया तथा प्रदर्शनी का उद्घाटन मा0 कुलपति प्रो0 सत्यकाम जी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, वित्त अधिकारी श्रीमती पुनम मिश्रा एवं विभिन्न विद्याशाखाओं के निदेशक/प्राध्यापकगण/परामर्शदातागण उपस्थित रहे। इस एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्र–छात्राओं का आवागमन लगा रहा। इस पुस्तक प्रदर्शनी में देश–विदेश के प्रतिष्ठित प्रकाशकों/आपूर्तिकर्ताओं ने अपनी स्टाल लगाई।

विश्वविद्यालय के पुस्तक प्रेमियों/विद्यार्थियों नें बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया, जिसमें सभी प्रकार की पुस्तकें प्रकाशकों/आपूर्तिकर्ताओं द्वारा मेले में प्रदर्शित की गई। पुस्तक प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय पुस्तकालय के लिए निदेशकों/प्राध्यापकों/परामर्शदाताओं/विषय विशेषज्ञों द्वारा पुस्तकों का चयन किया गया। जिनका क्रय पुस्तकालय में किया जायेगा। शिक्षकों एवं छात्रों के अकादमिक दृष्टिकोण से यह पुस्तक मेला अत्यन्त ही लाभप्रद साबित हुआ जिसमें विभिन्न प्रकाशकों की पुस्तकें एक स्थान पर उपलब्ध हो सकी। इस एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का समापन दिनाँक 10.03.2026 को सायं 05:00 बजे हुआ।



एक दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी में उपस्थित विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं छात्र–छात्रायें